GANESHA ECOSPHERE LIMITED

GESL/2021-22/

August 12, 2021

To,
The BSE Limited,
Corporate Relationship Department,
1st Floor, New Trading Wing,
Rotunda Building,
PJ Towers,
Dalal Street, Fort,
Mumbai-400 001.
Fax No.: 022-22723121, 22722037
Scrip Code: 514167

To,
National Stock Exchange of India Limited
Exchange Plaza,
Bandra- Kurla Complex,
Bandra (East),
Mumbai-400051.
Tel No.: 022-26598100-8114/ 66418100
Fax No. : 022-26598237/38
Scrip Symbol: GANECOS

Sub: Newspaper Publication

Dear Sir/ Ma'am,

Pursuant to Regulation 47(3) of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we are hereby submitting the copy of newspaper clippings of Notice of 32nd Annual General Meeting and E-voting information, published on **Thursday, August 12, 2021,** in Business Standard (English) and in Rashtriya Sahara (Hindi) in compliance with the provisions of General Circular No. 20/2020 dated May 05, 2020 issued by the Ministry of Corporate Affairs of India.

Kindly take the above on record and oblige.

Thanking you,

Yours faithfully,
For Ganesha Ecosphere Limited

(Bharat Kumar Sajnani)
Company Secretary-cum-Compliance Officer

Encl: As above

आमजन को सुशासन देना और सूचना तकनीक के उपयोग से घर बैठे सरकारी विभागों की समस्त सेवाओं की पहुंच सुलभ करवाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।
—— अशोक गहलोत, सीएम, राजस्थान

धर्मांतरण का दबाव बनाने के मामले में सिर्फ

छेड़छाड़ का मुकदमा, हंगामा


रामगोपाल चौराहे पर तैनात पुलिस। हंगामा करते बजरंग दल के कार्यकर्ता। फोटो : एसएनबी

कानपुर (एसएनबी)। बर्रा आठ में किशोरी से छेड़छाड़ और धर्मांतरण का दबाव बनाने के मामले में पुलिस द्वारा सिर्फ छेड़छाड़ की रिपोर्ट लिखने व आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई न करने से नाराज बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने राम गोपाल चौराहे पर बुधवार को जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस से भी कार्यकर्ताओं की तीखी नोकझोंक हुयी। हालांकि बाद में पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर उग्र कार्यकर्ताओं को शांत कराया।

बर्रा आठ स्थित रामगोपाल चौराहा कच्ची बस्ती निवासी महिला का कहना था कि उसकी 14 वर्षीय बेटी से पड़ोस में रहने वाले तीन भाई आये दिन छेड़छाड़ किया करते थे। विरोध करने पर वह और उसके परिवार के लोग उसपर धर्मांतरण का दबाव बना रहे थे। इसकी शिकायत उसने थाने में की लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं कि विगत 9 जुलाई की रात करीब दस बजे आरोपितों ने बेटी को अगवा करने का प्रयास किया था। बेटी के शोर मचाने पर पहुंचे इलाकाई लोगों को देख आरोपित भाग निकले थे। उसने 112 पर पुलिस को सूचना भी दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इस पर पीड़िता ने विधायक से गुहार लगायी थी। इसके बाद पुलिस ने तीनों आरोपितों के खिलाफ छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कर लिया था। तब से आरोपित पीड़िता के परिवार को धमका रहे थे। जानकारी मिलने पर बुधवार शाम बजरंगदल के संयोजक दिलीप कुमार की अगुवाई में सैकड़ों कार्यकर्ता रामगोपाल चौराहे पहुंचे और कार्यकर्ताओं की मांग को लेकर हंगामा करने लगे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक आरोपित को घर से पकड़ लिया और उसकी पिटाई भी की। जिससे इलाके में भगदड़ मच गयी। गुस्साये कार्यकर्ताओं ने चौराहे पर पुलिस विरोधी नारेबाजी की। बवाल की सूचना पर पहुंची पुलिस व कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोकझोंक हुयी। मौके पर पहुंचे विधायक पुत्र शुभम त्रिवेदी से पीड़िता ने पुलिस पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया।

राम गोपाल चौराहे पर बजरंगदल कार्यकर्ताओं ने किया हंगामा, पुलिस से नोकझोंक

इसके बाद कार्यकर्ताओं ने रोक के बाद जुलूस निकाला और पकड़े गये एक आरोपित को पीटना शुरू कर दिया। यह देख पुलिस ने किसी प्रकार उसे उनके चंगुल से छुड़ाया। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया। इंस्पेक्टर क्राइम मो.आसिफ ने बताया कि लोगों ने जिसे पकड़ा था वह आरोपी नहीं है। उसे छोड़ दिया गया है और आरोपितों की तलाश में दबिशें दी जा रही हैं।

संक्षिप्त खबरें

नर्सिंग होम में उपचार के दौरान वृद्धा की मौत, हंगामा

कानपुर। बर्रा थानाक्षेत्र के रामगोपाल चौराहे के पास स्थित एक नर्सिंगहोम में उपचार के दौरान एक वृद्धा की मौत हो गयी। जिससे गुस्साये परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुये नर्सिंगहोम में जमकर हंगामा किया। कानपुर देहात निवासी सुखनंदन 65 वर्षीय पत्नी रानी देवी को पथरी के आपरेशन के लिये बर्रा आठ स्थित रामगोपाल चौराहे के पास एक नर्सिंगहोम में मंगलवार को भर्ती कराया गया था। आपरेशन के बाद उनकी हालत बिगड़ने लगी। बुधवार को उनकी मौत हो गयी।

विधायक ने सुंदरीकरण कार्य का किया शिलान्यास

कानपुर। पनकी स्थित अंजनी पार्क का सुंदरीकरण कार्य, बाउंड्री वाल, ओपन जिम के हुये कार्य का शिलान्यास बुधवार को विधायक सुरेन्द्र मैथानी ने किया। सुंदरीकरण में कुल 14 लाख रुपये का व्यय हुआ है। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 12 पार्क अभी ऐसे हैं जिनका सुंदरीकरण का कार्य प्रस्तावित है। जल्द ही इन पार्कों का सुंदरीकरण शुरू कराया जायेगा। कार्यक्रम में पार्षद विनोद पाल, चंद्रमणि चौबे, पवन सविता, नीरज आदि रहे।

रामलखन बने प्रदेश महामंत्री

कानपुर। भाजपा प्रदेश नेतृत्व ने रामलखन रावत को भाजपा अनुसूचित जाति जनजाति मोर्चा का प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया है। श्री रावत पूर्व में भाजपा उत्तर जिला के मंत्री व क्षेत्रीय मंत्री सहित विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं। वर्तमान में वह केडीए बोर्ड के सदस्य भी हैं। (एसएनबी)

आउटर के 16 दरोगाओं के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

कानपुर।

अपराध पर नियंत्रण लगाने के लिए एसपी आउटर ने कई सालों से एक ही चौकी में तैनात 16 दरोगाओं के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया है।

एसपी आउटर अष्टभुजा प्रसाद सिंह ने बताया कि दरोगा रमाकांत सिंह को मकनपुर बिल्हौर से नर्वल थाना, विपिन कुमार थाना घाटमपुर से चौकी प्रभारी मकनपुर बिल्हौर, अजय कुमार भदौरिया चौकी प्रभारी साढ़ से सचेंडी बिनौर चौकी, अशोक कुमार पुलिस लाइन आउटर से थाना साढ़, चन्द्रकांत मिश्रा थाना साढ़ से चकरपुर मंडी सचेंडी, सुरेश कुमार चाहर पतारा घाटमपुर से थाना शिवराजपुर, सुरेन्द्र नारायण शुक्ला शिवराजपुर से चौकी प्रभारी मझावन बिधनू, जितेन्द्र पाल बिधनू चौकी से पतारा घाटमपुर, कुलदीप कुमार घाटमपुर से बिल्हौर थाना, दीपक कुमार चौबेपुर से थाना बिधनू, मनीष कुमार बिल्हौर से चौकी प्रभारी पाली नर्वल, तीर्थ पाल सिंह सचेंडी से चौकी प्रभारी कस्बा साढ़, राजकुमार पटवा चौबेपुर से थाना साढ़, अनूप कुमार नंदना घाटमपुर से थाना बिधनू, नीरज कुमार थाना सचेंडी से थाना चौबेपुर और राज कुमार को थाना साढ़ से चौकी प्रभारी नन्दना घाटमपुर की जिम्मेदारी दी गई है।

कई सालों से एक ही चौकी में तैनात दरोगाओं को हटाया

फंदे पर लटकता मिला युवती का शव

कानपुर (एसएनबी)। फजलगंज के दर्शनपुरवा में युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जान दे दी। बुधवार को उसका शव फंदे पर लटकता मिला। मकान मालिक की सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक टीम के साथ परिजन मौके पर पहुंचे। युवती यहां रहकर एक हॉस्पिटल में ऑप्रेशिक कर रही थी। युवती के शरीर पर चोटों के निशान देखकर परिजनों ने हत्या की आशंका जतायी है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आत्महत्या की पुष्टि हुई है।

एक हॉस्पिटल से कर रही थी ऑप्रेशिक की तैयारी

शरीर व हाथ-पैर में मिलीं एक दर्जन से ज्यादा चोटें

मूलरूप से नर्वल के थरेपार निवासी गिरजाशंकर उर्फ राजू की छोटी बेटी निधि (30) दर्शनपुरवा में रहकर काकादेव स्थित एक हास्पिटल में ऑप्रेशिक कर रही थी। परिवार में दो भाई सतीश और आशीष हैं, जबकि मां मायादेवी का निधन हो चुका है। पिता गिरजाशंकर ने बताया कि निधि करीब पांच साल से दर्शनपुरवा किराए में रह रही थी। उसने वहीं पर रहकर नर्सिंग का कोर्स किया और वर्तमान में काकादेव स्थित एक अस्पताल से ऑप्रेशिक कर रही थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शरीर के दाहिनी ओर कनपटी और हाथ-पैरों में करीब एक दर्जन मारपीट की चोटों के निशान मिले हैं। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आत्महत्या की पुष्टि हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी है। शरीर पर चोटों के निशान कैसे आए हैं इसकी जांच करायी जायेगी।

सुरेश सभापति, अंकुर बने वैश्य महासंगठन के सचिव

कानपुर (एसएनबी)। वैश्य महासंगठन की नगर कार्यकारिणी की बुधवार को माल रोड स्थित कार्यालय में नगर सभापति सुरेश गुप्ता की अध्यक्षता में हुयी बैठक में नवगठित कार्यकारिणी के अन्य पदों का निर्धारण किया गया जिसमें सुरेश गुप्ता को सभापति और अंकुर गुप्ता को सचिव बनाया गया है।

संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्धार्थ काशीवार नगर के अंतरिम मीडिया प्रभारी का कार्य स्वयं देखेंगे। आज घोषित कार्यकारिणी के अनुसार उपसभापति महेश गुप्ता, उपाध्यक्ष अमर शंकर गुप्ता, मुकुल साहू, मनु अग्रवाल, सचिव अंकुर गुप्ता, सलाहकार जय नारायण गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्यों में राहुल गुप्ता, सुनील जैन, पवन गुप्ता, दीपक गुप्ता, एसपी गुप्ता और विशेष आमंत्रित सदस्यों में सिद्धार्थ काशीवार, अरविंद गुप्ता, जोयेश किशोर अग्रवाल और विराट गुप्ता को मनोनीत किया गया है। विराट गुप्ता को नगर संगठन का प्रभार भी दिया गया है। इस अवसर पर नगर महासचिव अशोक गुप्ता ने बताया कि शीघ्र वृहद स्तर पर 20 अगस्त से पूर्व स्वास्थ्य शिविर लगायेंगे और झंडा गीत के रचयिता श्याम लाल गुप्ता पार्षद की जयंती कार्यक्रम का आयोजन करेंगे।

वैश्य महासंगठन की नगर कार्यकारिणी के पदाधिकारी।

नगर निगम विद्यालयों के शिक्षकों का नियमितीकरण करें

कानपुर (एसएनबी)। भाजपा शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. दिवाकर मिश्र ने प्रदेश के नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन से मुलाकात कर कानपुर नगर निगम संचालित विद्यालयों की समस्याएं उनके सामने रखीं। श्री मिश्र ने नगर विकास मंत्री को ज्ञापन सौंप कर शिक्षकों का नियमितीकरण करने की मांग की।

नगर निगम के शिक्षक व प्रधानाचार्य वर्षों से विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं, जिन्हें लेकर समय-समय पर नगर निगम अधिकारियों के साथ-साथ शासन स्तर पर भी निस्तारण की मांग की गयी, लेकिन किसी ने इन्हें गंभीरता से नहीं लिया। भाजपा शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ.दिवाकर मिश्र ने लखनऊ में प्रदेश के नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंप कर समस्याएं दूर कराने की मांग की। श्री मिश्र ने नगर विकास मंत्री से कहा कि कानपुर में नगर निगम द्वारा 11 शिक्षण संस्थाओं को संचालित किया जा रहा है। इसके चलते प्रधानाचार्यो को ग्रेड पे भी नहीं दिया जा रहा है। श्री मिश्र ने नगर विकास मंत्री से कहा कि इस तरह की विसंगतियां पूर्व की सपा व बसपा की प्रदेश सरकारों की देन हैं, जिन्हें दूर कराना आवश्यक है। श्री मिश्र ने शिक्षकों और प्रधानाचार्यों के साथ किये गये इस सौतेले व्यवहार में सुधार और शिक्षकों को स्थाई नियुक्ति देने व प्रधानाचार्यों को ग्रेड पे देने की मांग की।

ससुर पर अश्लीलता का आरोप

कानपुर। दो माह पूर्व शादी कर ससुराल पहुंची महिला ने अपने पति को नपुंसक बताते हुये ससुर पर अश्लीलता करने का आरोप लगाया है। पीड़िता के पिता ने थाने में तहरीर दी। कल्याणपुर निवासी पीड़िता ने बताया कि दो माह पूर्व उसका विवाह चकेरी के नवीन नगर में रहने वाले कौशल से हुयी थी। शादी के बाद से ही पति उससे दूरियां बनाने लगा। जिसके बाद उसे पति की नपुंसकता के बारे में पता चला। वहीं ससुर बचई ने उससे अश्लील हरकतें करते हुये छेड़छाड़ की और कहा कि वह अपने पति की ओर ध्यान न दे। उसने कहा कि वही अब उसकी सारी जरूरतें पूरी करेगा। इस पर पीड़िता ने सारी बात अपने पिता से बतायी। पिता ने कल्याणपुर थाने में आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

'मकान मालिक का बेटा कर रहा ब्लैकमेल'

कानपुर। चकेरी में रहने वाली एक महिला ने अपने मकान मालिक के बेटे पर ब्लैकमेल कर अवैध वसूली का आरोप लगाते हुये थाने में तहरीर दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। चकेरी निवासी महिला ने थाने में तहरीर देते हुये बताया कि उसके पति मुम्बई में नौकरी करते हैं। वह पिछले पांच साल से अपने दो बच्चों के साथ किराये के मकान में रह रही है। एक वर्ष पूर्व मकान मालिक के बेटे अमित ने शादी का झांसा देकर दोस्ती कर ली। इसके बाद आरोपित ने व्यापार करने के लिये उससे नगदी व जेवरात मांगे तो उसने विरोध किया। इस पर आरोपित ने पति से शिकायत करने की बात कहते हुये उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। लोकलाज के डर से उन्होंने आरोपित को 80 हजार रुपये नगद व कुछ जेवरात दे दिये। काफी समय गुजरने के बाद उन्होंने आरोपित से अपने पैसे व जेवरात वापस मांगे तो वह जानमाल की धमकी देने लगा। इस पर पीड़िता ने चकेरी थाने में आरोपित के खिलाफ तहरीर दी। चकेरी इंस्पेक्टर अमित तोमर ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

80 फिट रोड का क्षतिग्रस्त नाला ठीक करने को 15 दिन की मोहलत

कानपुर। बुधवार को नगर आयुक्त शिवशरणप्पा ने नगर निगम मुख्यालय के पीछे निर्माणाधीन सभागार का निरीक्षण करते हुए मंच बनाने को कहा। इसके अतिरिक्त अस्सी फीट रोड पर क्षतिग्रस्त नाले का निरीक्षण करते हुए पन्द्रह दिन में काम पूरा करने को कहा। मुख्य अभियंता ने बताया कि यह कार्य 14वें वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से प्रस्तावित है इसकी लागत करीब डेढ़ करोड़ रुपये है। सभागार के निरीक्षण के दौरान यहां पर स्टेज बनाने की जानकारी चाही गयी, जिस पर अवगत कराया गया कि यहां स्टेज का प्राविधान नहीं किया गया है, जबकि इस हॉल की क्षमता 200 लोगों के बैठने की है। इस पर नगर आयुक्त ने कहा कि क्षमता के अनुसार यहां पर एक स्टेज का निर्माण कराया जाये जिसमें 20 लोगों के बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही यहां लगने वाले टाइल्स, फॉल सीलिंग की जानकारी ली गयी। साइड पर लगने वाले ग्लास पर ब्लैक फिल्म लगाने के भी निर्देश दिये गये साथ ही यह भी कहा गया कि इस कार्य को मानक व गुणवत्ता के साथ कराते हुये निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें। नगर आयुक्त ने 80 फिट रोड पर सड़क धंसने वाले स्थल का निरीक्षण किया। जहां मुख्य अभियंता ने बताया कि यह नाला लगभग 7 किमी लम्बा एवं काफी पुराना ब्रिटिश समय का है, जिसमें सीवरेज व डोमेस्टिक वाटर आता है। यह नाला आगे जाकर सीसामऊ नाले में मिलता है। वर्तमान में जल निगम की वाटर लाइन लीकेज होने के कारण यह बैठ गया है एवं सड़क क्षतिग्रस्त हो गयी है।

सावनी भंडारे में हजारों ने छका प्रसाद

कानपुर। सावन के पावन माह के अवसर पर कानपुर व्यापारी एसो. के तत्वावधान में बुधवार को गुमटी नंबर पांच में भण्डारे का आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। दोपहर करीब एक बजे गुरु गोविंद सिंह चौक के पास भंडारे का शुभारम्भ संगठन के संरक्षक उद्योगपति विजय कपूर और मुख्य अतिथि उद्योगपति मुरारीलाल अग्रवाल ने संयुक्त रूप से प्रसाद वितरण करके किया। भंडारे में श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान हरविंदर सिंह लार्ड, कांग्रेस नगर अध्यक्ष शैलेन्द्र दीक्षित, सुरेश अवस्थी, पूर्व विधायक राकेश सोनकर, अनूप तिवारी, महेश मेघानी आदि थे।

यूजीसी नेट परीक्षा के लिए आवेदन शुरू

कानपुर। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने यूजीसी नेट दिसंबर 2020 सत्र की परीक्षा एवं जून 2021 सत्र की परीक्षा अब एक साथ कराना तय किया है। दोनों सत्रों की परीक्षा अब एक साथ 6 से 11 अक्टूबर के बीच आयोजित की जायेगी। आवेदन की अंतिम तिथि 5 सितंबर व फीस भुगतान की अंतिम तिथि 6 सितंबर निर्धारित की गई है। आवेदन में करेक्शन 7 सितंबर से 12 सितंबर तक किये जा सकेंगे। 6 से 11 अक्टूबर के बीच परीक्षा का आयोजन दो पाली में किया जायेगा। कम्प्यूटर आधारित इस परीक्षा में दो पेपर होंगे। गौरतलब है कि कोरोना महामारी बाधा के काण एनटीए यूजीसी नेट की दिसंबर 2020 सत्र की परीक्षा का आयोजन नहीं कर सका। जून, 2021 सत्र की परीक्षा की आवेदन प्रक्रिया में भी देरी हुई। इसलिए अब दोनों सत्र की परीक्षा एक साथ कराने का निर्णय लिया गया है। ऐसे उम्मीदवार जिन्होंने यूजीसी नेट 2020 सत्र की परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था, लेकिन वह पूरी तरह आवेदन सब्मिट नहीं कर पाये थे, वह भी एनटीए की वेबसाइट पर जाकर आवेदन पूरा कर सकते हैं। विश्वविद्यालयों व अन्य उच्च शिक्षा संस्थानों में जूनियर प्रोफेसर फेलोशिप और सहायक प्रोफेसर के लिए विवि अनुदान आयोग (यूजीसी) राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) का आयोजन वर्ष में दो बार किया जाता है।

लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत

कानपुर। लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप तिवारी का लखनऊ से भोपाल जाते समय नौबस्ता बाईपास पर सपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। स्वागत करने वालों में लतीफ मंसूरी, अजमेरी सिद्दीकी, डॉ.नौशाद सिद्दीकी, इमरान शाह, अयान खान, शाहिद अंजुम आदि थे।

लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत करते सपा कार्यकर्ता।

पीआरवी ने युवती को बचाया

कानपुर। साढ़ थानाक्षेत्र में एक लड़की के कमरे में बंद होने की सूचना पर पीआरपी 0460 के कमाण्डर राजेन्द्र कांत व सब कमाण्डर अनिल कुमार मौके पर पहुंचे और पूरे घर की तलाशी ली और भूसे के ढेर में युवती को अचेत अवस्था में बरामद कर उसे पास ही स्थित नर्सिंगहोम में भर्ती कराया है।

ऑनलाइन शतरंज प्रतियोगिता में भाग ले रहीं 175 बालिकाएं

कानपुर (एसएनबी)। दून इंटरनेशन स्कूल, रतनलाल नगर के तत्वावधान में बुधवार से प्रथम केएसएस ऑनलाइन शतरंज (बालिका वर्ग) प्रतियोगिता प्रारम्भ हुई। दो आयु वर्गों में होने वाली इस प्रतियोगिता में मुकाबले के आठ चक्र होंगे।

कानपुर चेस एसो. के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय प्रतियोगिता में बुधवार को पहले दिन मुकाबले के कुल दो चक्र हुए। एसो. के सचिव दिलीप श्रीवास्तव ने अवगत कराया कि प्रतियोगिता में 35 स्कूलों की 175 बालिकाएं भाग ले रहीं हैं। ग्रुप ए में कक्षा 6 से 8 तक की 13 स्कूलों की 65 बालिकाएं भाग ले रहीं हैं। जबकि सीनियर वर्ग के ग्रुप सी में कक्षा 9 से 12 तक की 22 स्कूलों की 110 बालिकाएं भाग ले रहीं हैं। तीन दिन चलने वाली इस प्रतियोगिता में कुल आठ चक्र होंगे। 12 अगस्त को तीन राउंड खेले जाएंगे, जबकि 13 अगस्त 2021 को फाइनल सहित कुल तीन चक्र होंगे। इधर बुधवार को ऑनलाइन शतरंज प्रतियोगिता का उद्घाटन मेजबान विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. कृष्णा चौहान ने सफेद मोहरों व केएसएस स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर प्रतीक श्रीवास्तव ने काले मोहरों के साथ चाल चल के किया। मेजबान विद्यालय के प्रबंधक अमरप्रीत सिंह ने जूम मीटिंग में प्रतियोगिता में भाग ले रहे विद्यालयों के सभी प्रधानाचार्यों को धन्यवाद दिया। जानकारी दी गई कि प्रतियोगिता में चीफ ऑर्बीटीटर की भूमिका हरीश रस्तोगी निभा रहे हैं। सहायक के तौर पर श्रीमती श्रेया भट्टाचार्या व राहुल सिंह हैं। उद्घाटन के मौके पर विद्यालय के क्रीड़ाध्यापक प्रेम प्रकाश व रवि कुमार भी मौजूद रहे।

ऑनलाइन शतरंज प्रतियोगिता के उद्घाटन पर मेजबान विद्यालय के प्रधानाचार्य, प्रबंधक और शतरंज संघ के पदाधिकारी।

रेप पीड़िता ने पूर्व इंस्पेक्टर के खिलाफ बयान दर्ज कराये

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

कानपुर।

शहर के कई थानों में तैनात रह चुके विवादित पूर्व इंस्पेक्टर दिनेश त्रिपाठी को सोमवार किशोरी से रेप के मामले में गिरफ्तार किया गया था। बुधवार को पीड़िता ने कोर्ट में बयान दर्ज कराये।

एफआईआर में दर्ज बयानों का किया समर्थन

पूर्व इंस्पेक्टर पर उनके फ्रेंड्स कालोनी वाले घर में केयर टेकर के रूप में रहने वाले परिवार की 13 वर्षीय बेटी के साथ दुष्कर्म का आरोप लगा था। पुलिस ने मंगलवार को जहां पीड़ित किशोरी का मेडिकल कराकर आरोपी पूर्व इंस्पेक्टर को कोर्ट में पेश कर उसे जेल भेज दिया था। प्रभारी निरीक्षक चकेरी अमित तोमर ने बताया कि मंगलवार को मेडिकल के बाद किशोरी के थाने में सीआरपीसी के तहत 161 के बयान दर्ज कराए गए। जिसमें उसने एफआईआर में दर्ज बयानों का समर्थन किया था।

Business Standard - English
Lucknow 12/08/2021

GANESHA ECOSPHERE LIMITED

CIN : L51109UP1987PLC009090

Regd. Office: Raipur (Rania), Kalpi Road, Distt. Kanpur Dehat (U.P.)-209304

E-mail : secretarial@ganeshaecosphere.com, Website : www.ganeshaecosphere.com

Tel. No. 0512-2555505-06, Mobile No. : +91 9198708383, Fax No. 0512-2555293

NOTICE OF 32ND ANNUAL GENERAL MEETING, AND E-VOTING INFORMATION

NOTICE is hereby given that the **32ND ANNUAL GENERAL MEETING** ("AGM") of the Members of the Company will be held on Saturday, 4th September, 2021 at 12:15 P.M. (IST) through Video Conferencing (VC)/ Other Audio Visual Means (OAVM) in compliance with the provisions of the Companies Act, 2013 and rules made thereunder read with MCA Circulars dated 13th January, 2021, 5th May, 2020, 13th April, 2020, 8th April, 2020 (collectively referred to as "MCA Circulars") and Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 read with SEBI Circulars dated 15th January, 2021 and 12th May, 2020 ("collectively referred to as SEBI Circulars") to transact business set forth in the Notice of the AGM.

In Compliance with MCA Circulars and SEBI Circulars, Notice of the AGM and the Annual Report of the Company for the financial year 2020-21 will be sent only through electronic mode to all the Members of the Company, who have registered their email IDs with the Depository Participants/ Registrar and Transfer Agents ("RTA"). The aforesaid documents shall be available on Company's website at **www.ganeshaecosphere.com** and shall also be available on the website of NSDL at **https://www.evoting.nsdl.com** and on the website of Stock Exchanges i.e., BSE Limited and National Stock Exchange of India Limited at **www.bseindia.com** and **www.nseindia.com**, respectively.

It is hereby informed that:

(a) The manner of remote e-voting, participation in the AGM through VC/OAVM facility and e-Voting during the AGM by members holding shares in dematerialized mode, physical mode and for members who have not registered their email addresses will be provided in the Notice of the AGM.

(b) Members holding shares in physical mode and who have not updated their email addresses with the Company may update their email addresses by sending a duly signed request letter to the Company's RTA, M/s. Skyline Financial Services Private Limited at **admin@skylinerta.com** mentioning the folio no., name of shareholder, address and email id along with a self-attested copy of PAN card. Members holding shares in dematerialized mode are requested to register / update their email addresses with their Depository Participant(s).

(c) Members holding shares in physical form, who have not updated their Bank details for receiving the dividends, are requested to give their mandate for receiving dividend directly in their bank account by sending scanned copy of a duly signed request letter which shall contain shareholder's name, folio number and bank details along-with the following documents at **admin@skylinerta.com** by **28th August, 2021:**

   a) Self-attested copy of PAN Card of all the holders;

   b) Original cancelled cheque leaf with name of member and 11 digit IFS Code printed on it (if name is not printed, a copy of Bank Passbook/ Statement bearing name, duly attested by the Bank); and

   c) Self-attested copy of address proof (viz. aadhaar, voter-id, passport, driving license, any utility bill not older than 2 months).

For GANESHA ECOSPHERE LIMITED

Sd/-

Place: Kanpur **(Bharat Kumar Sajnani)**

Date: 11.08.2021 **Company Secretary and Compliance Officer**